## खबर संक्षेप

### गंदगी फैलाने पर लगाया 18 हजार का जुर्माना

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मानकों के अनुरूप नगर की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार निरीक्षण कर स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि इसी क्रम में संत कंवरराम वार्ड में सार्वजनिक मार्ग पर निर्माण सामग्री रखकर गंदगी फैलाने और आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले व्यवसायियों के विरुद्ध रविवार को निगम की स्वच्छता टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। उक्त व्यवसायियों को सार्वजनिक मार्गों में निर्माण सामग्री रखकर व्यवसाय नहीं करने की समझाइश पूर्व में भी दी जा चुकी थी। कार्यवाही के दौरान नगर निगम टीम के डॉ. दीपक अग्निहोत्री, वार्ड दरोगा विनय अर्खेल एवं वार्ड दरोगा राकेश निगम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यवसायियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक मार्गों पर निर्माण सामग्री न रखें तथा शहर की स्वच्छता बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### विकासखंड विजयराघवगढ़ में आज लगेंगे शिविर

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर संकल्प से समाधान अभियान के तहत मंगलवार 10 मार्च विकासखंड विजयराघवगढ में शिविर का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर पात्रों को शासकीय योजना एवं कार्यक्रमों में लाभान्वित कराया जाएगा। जारी शिविर कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 10 मार्च को विकासखंड विजयराघवगढ़ में ग्राम कल्हरा, खजुरा, खलवारा, गुड़गुडौंहा, गुडेहा, गौरहा, झिरिया, देवरी मझगवॉ, नन्हवाराकलॉ, बजारी और बडारी के लोगों के लिए ग्राम पंचायत बंजारी में शिविर का आयोजन किया गया है।

### जिला खनिज प्रतिष्ठान की समीक्षा बैठक आज

**कटनी।** जिला खनिज प्रतिष्ठान मद₹ अंतर्गत स्वीकृत निर्माण विकास कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार 10 मार्च को सायं 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने बैठक में नगर निगम आयुक्त, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. कटनी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्वीकृत निर्माण विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी, कार्यों के फोटोग्राफ तथा पी.पी.टी. सहित बैठक में अनिवार्यतः उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### अलग अलग स्थानों से जब्त की अवैध शराब

**कटनी।** शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। कुठला, उमरियापान और बड़वारा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को हिरासत में लिया और अवैध सामग्री जब्त की। जानकारी के अनुसार कुठला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम रैपुरा और करहिया कला में कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में सकीना माझी 35 वर्ष के पास से 02 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। वहीं, दूसरी कार्रवाई में गोपाल वासुदेव 22 वर्ष निवासी करहिया कला को 03 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह उमरियापान पुलिस ने धरमदास कोल 45 वर्ष को सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब पीते हुए पकड़ा। आरोपी के पास से मदिरा और अन्य सामग्री जब्त कर धारा 36 बी आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। बड़वारा पुलिस ने ग्राम सुनारी में मेन रोड के किनारे सत्यभान सिंह 42 वर्ष को गिरफ्तार कर 16 पाव देशी प्लेन शराब बरामद की गई।

---

**पीड़ित महिलाओं ने थाना पहुंचकर बताई व्यथा, जमा राशि वापस दिलाये जाने की मांग**

# धोखाधड़ी : अधिक ब्याज देने का लालच देकर जमा कराये रूपये और फिर ऑफिस में लटका दिया ताला

जिले में ठगी के मामले आये दिन सामने आते रहते हैं। कभी साइबर धोखाधड़ी तो कभी किसी संस्था द्वारा रूपये हजम कर लिये जाते हैं। जालसाज अक्सर कम समय में पैसे डबल करने या फिर अधिक ब्याज देने का लालच देकर कम पढ़े लिखे लोगों को पहले झांसे में लेते है और जब लाखों रूपये जमा हो जाते हैं तो चुपचाप खिसक जाते हैं। अपनी मेहनत की जमापूंजी लुट जाने के बाद लोग यहां वहां न्याय की आस में भटकते ही रहते हैं।




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा क्षेत्र में ऐसा ही एक मामला सामने आया जहां श्रमिक महिलाओं की जमापूंजी को हड़पने के आरोप लगाये गये हैं। परेशान महिलाओं ने थाना पहुंचकर पुलिस को अपने साथ हुई धोखाधड़ी की व्यथा सुनाई एवं शिकायत दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की गई। मामला एक संस्था से जुड़ा है जिस पर आरोप है कि मजदूर महिलाओं से लाखों रुपए की धोखाधड़ी की गई। एजेंटों के माध्यम से अधिक ब्याज का लालच देकर जमा कराई गई पूंजी हड़प कर संस्था के प्रबंधक और कर्मचारी फरार हो गए हैं। ठगी की शिकार महिलाओं ने सोमवार को प्रदर्शन कर बड़वारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

संस्था के एजेंटों ने ग्राम विलायतकला की गरीब महिलाओं को प्रतिदिन 100 रुपये जमा करने पर सुरक्षित वापसी और अधिक ब्याज का प्रलोभन दिया था। सब्जी बेचने और मजदूरी करने वाली महिलाओं ने वर्षों तक अपनी गाढ़ी कमाई इस समिति में जमा की। अब संस्था का कार्यालय बंद है और पीड़ितों के पास केवल खाली पासबुक और बाउंस हुए चेक बचे हैं।

पीड़ित रोशनी गुप्ता ने बताया कि उन्हें संस्था की ओर से भारतीय स्टेट बैंक, चंदिया शाखा का 37,620 रुपए का चेक दिया गया था, जो बैंक में पर्याप्त राशि न होने के कारण बाउंस हो गया। एक अन्य पीड़ित सुशीला चौधरी के अनुसार, भुगतान मांगने पर मैनेजर द्वारा कानूनी कार्रवाई न करने की धमकी दी गई और कार्यालय में ताला लटका दिया गया।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक से गुहार लगाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे उन्हें मामले में राजनीतिक संरक्षण की आशंका है।

पीड़ितों का कहना है कि उनकी जमा राशि वापस दिलाने के लिए प्रशासन कोई सक्रियता नहीं दिखा रहा है।

इस मामले में बड़वारा थाना प्रभारी के. के. पटेल ने बताया कि पीड़ित महिलाओं की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जुटाए गए तथ्यों के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

---



# चाकू से हमला कर युवक की हत्या, पुलिस की गिरफ्त में आरोपित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के बरगवां में रविवार रात 30 वर्षीय युवक पर चाकू से कातिलाना हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने नाबालिग आरोपित को हिरासत में ले लिया है।

रंगनाथ नगर थाना प्रभारी अरुण पाल सिंह ने बताया कि यह 8 मार्च की रात करीब 8:30 बजे घटना हुई। मृतक की पहचान मोहम्मद आसिफ अली 30 वर्ष के रूप में हुई है। आसिफ मूलतः बिहार के मधुबनी जिले का निवासी था और वर्तमान में बरगवां में रह रहा था। रविवार रात आसिफ अपने ऑफिस के बाहर सड़क पर खड़ा था तभी वहां मौजूद एक नाबालिग से उनका विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार विवाद की जड़ सड़क पर थूकने को लेकर शुरू हुई। बहस इतनी बढ़ गई कि आवेश में आकर नाबालिग ने चाकू से आसिफ की जांघ पर गहरा वार कर दिया। चाकू लगने के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण आसिफ वहीं सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उसे तत्काल जिला चिकित्सालय ले गये। डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया लेकिन चोट गंभीर होने के चलते इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही रंगनाथ नगर पुलिस ने आरोपित नाबालिग को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103 (1) के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज किया है।

---

*आंदोलन को लेकर दिन भर प्रशासनिक व रेल अधिकारियों में रही कशमकश*

# ट्रेनों के स्टापेज की मांग को लेकर स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन आज होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों के स्टापेज़ की मांग को लेकर ग्राम संघर्ष समिति व आमजनों के द्वारा 10 मार्च को स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर रेल रोको जन आंदोलन किया जायेगा। 10 मार्च मंगलवार को प्रात 8 बजे से करीब 40 गाँव से अधिक के जनप्रतिनिधि ओर आमजन प्रदर्शन शुरू करेंगे। स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में रेल रोको आंदोलन इसके लिए रेलवे व प्रशासनिक अधिकारियो की धमाचौकड़ी स्लीमनाबाद में सोमवार को रही। थाना स्लीमनाबाद में ग्राम विकास संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ एसडीएम राकेश चौरसिया, एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी व रेलवे के अधिकारियो ने बैठक की




जिसमें रेल रोको आंदोलन न हो, इसके लिए अधिकारियो की ओर बात रखी गईं लेकिन ग्राम विकास संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि रेल रोको आंदोलन की रुपरेखा तय हो चुकी है जो निर्धारित 10 मार्च को होगा।

### मांगों की लगातार उपेक्षा

आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से रहेगा क्योंकि ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर पिछले कई माह से सभी प्रयासरत है इसके लिए डीआरएम से लेकर रेल मंत्रालय तक ओर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तक पत्राचार ओर ज्ञापन के माध्यम से जबलपुर -अंबिकापुर सिंगरौली इंटरसिटी, जबलपुर चित्रकूट एक्सप्रेस केअलावा अन्य ट्रेनों के ठहराव की मांग की जा रही है लेकिन उनकी मांगो को गंभीरता से नही लिया जा रहा है। बजट के समय इतवारी ट्रेन के स्टॉपेज की चर्चाएं थी, लेकिन निर्णय नही लिया है जिस कारण मांगे न माने जाने के कारण 10 मार्च को रेल रोको आंदोलन का निर्णय लिया गया। रेल रोको आंदोलन में करीब पचास गाँव के लोग शामिल होंगे।

### इनकी रही उपस्थिति

स्लीमनाबाद स्टेशन से लोकसभा खजुराहो ओर शहडोल के लोग अपनी यात्रा करते है जिनके लिए स्लीमनाबाद स्टेशन केंद्र बिंदु है इस दौरान ग्राम विकास संघर्ष समिति अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, महेंद्र दुबे, कल्लूदास बैरागी,दीपक तिवारी, अमरदीप साहू, अमित गर्ग, अजय विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

## घर घर जाकर एवं शिविर के माध्यम से राजस्व वसूली




नगर निगम कटनी द्वारा वित्तीय वर्षकी समाप्ति के मद्देनजर राजस्व वसूली अभियान में तेजी लाने के उद्देश्य से रोजानावार्डवार विशेष शिविर का आयोजन किया जाकर नागरिकों को उनके वार्डों मेंही बकाया करों को आसानी से जमा करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्तनिगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर गठित वसूली दल द्वारा रोजाना वार्डो मेंविशेष अभियान चलाया चलाया बड़ेबकायादारों से डोर-टू-डोर संपर्क कर बकाया संपत्तिकर एवं जलकर की वूसलीके प्रयास किये जा रहे है। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि निर्धारित लक्ष्य केअनुरूप निगम के बकाया करों की वसूली हेतु वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों सहित बड़ेबकायेदारों पर विशेष फोकस करते हुए वसूली के प्रयास किये गए। इस दौरान पीओएस मशीनों से करदाताओं को सुगमता से बकाया करों को जमा करने की सुविधा भी प्रदान की गई। वहीं सोमवार को लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं सत्य नारायण मंदिर के पास विशेष शिविरों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को बकाया करों को जमा करने की विशेष सुविधा प्रदान की गई।जिसका नागरिकों ने भरपूर लाभ प्राप्त किया।

---

# आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार सोमवार को आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पाँच दिवसीय इस प्रशिक्षण का आयोजन 13 मार्च तक किया जायेगा। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन की मूलभूत अवधारणा, आपदा के प्रकार, जोखिम न्यूनीकरण, आपदा पूर्व तैयारी तथा आपदा के दौरान किए जाने वाले त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



प्रशिक्षण की शुरूआत में पहले विशेषज्ञ प्रशिक्षक अमित कुमार अतिथि विद्वान शासकीय महाविद्यालय बरही के द्वारा प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में समन्वित कार्यवाही, सुरक्षा उपायों तथा प्राथमिक उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया गया। तत्पश्चात द्वितीय विशेषज्ञ प्रशिक्षक राजेन्द्र सिंह बघेल जिला होमगार्ड कमांडेंट द्वारा आपदा, खासकर भूकंप के दौरान अपनाये जाने वाले व्यवहारिक उपचार व बचाव कार्य के संबंध में एसडीआरएफ के समन्वय से प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं संबंधित प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों एवं अभ्यास सत्रों के माध्यम से आपदा की स्थिति में प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

---

*आगजनी की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए नरवाई जलाना किया प्रतिबंधित*

# नरवाई में आग लगाना पड़ेगा महंगा, 15 हजार रूपए तक देना होगा अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नरवाई में आग लगने की घटनाओं में प्रभावी नियंत्रण रखने और जनसमान्य के हित, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा, पर्यावरण की हानि रोकने एवं लोकव्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने कानून व्यवस्था एवं जनसुरक्षा की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कटनी जिले की सीमा के अंतर्गत किसानों द्वारा फसल कटाई उपरांत नरवाई जलाने को प्रतिबंधित कर दिया है।

कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्रायः यह देखा जाता है कि फसल कटाई के पश्चात किसान अपने खेतों में हरे डण्ठलों, फसल अवशेष (नरवाई) में खुले रूप से सुरक्षात्मक उपायों को अपनायें बिना आग लगाकर खेतों की सफाई करते है। इससे उड़ने वाली चिंगारी से आस-पास के खेत व अन्य तरीकों से अग्नि की बड़ी दुर्घटना होने की संभावना होती है। फसल अवशेष में आग लगाने से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है तथा पर्यावरणीय प्रदूषण भी बढ़ता है। साथ ही जनहानि एवं पशु पक्षियों की हानि की भी संभावना बनी रहती है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जारी आदेश में कहा है कि फसलों की कटाई में उपयोग किये जाने वाले प्रत्येक कम्बाईन्ड हार्वेस्टर के साथ भूसा तैयार करने हेतु स्ट्रा रीपर अनिवार्य रूप से रखा जाये या कम्बाईन्ड हार्वेस्टर में स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगाना अनिवार्य होगा। जिले में चलने वाले कम्बाईन्ड हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा रीपर या स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम की सतत निगरानी विकासखण्ड स्तरीय और ग्राम पंचायत स्तरीय निगरानी समिति द्वारा की जायेंगी। साथ ही बिना स्ट्रा रीपर व स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के कम्बाईन्ड हार्वेस्टर चलाये जाने पर हार्वेस्टर मालिक पर वैधानिक कार्यवाही एवं दण्ड अधिरोपित किया जायेंगा।

नरवाई जलाने पर, जिन कृषकों के पास दो एकड़ से कम जमीन है उन्हें 2 हजार 500 रूपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदण्ड देना होगा। जबकि जिन कृषकों के पास 2 एकड़ से अधिक एवं 5 एकड़ से कम जमीन है, उन्हें 5 हजार रूपये तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषकों को 15 हजार रूपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदण्ड देना होगा। कलेक्टर ने फसल अवशेष प्रबंधन के प्रचार-प्रसार हेतु संबधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया है तथा उन्हें अपने विकासखण्ड क्षेत्र में फसल अवशेष प्रबंधन हेतु हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं अन्य कृषि यंत्रों के प्रचार-प्रसार हेतु कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

---

**प्रतिभागियों को खेलों से जुड़े रहने के लिए किया प्रोत्साहित**

# अस्मिता दौड़ प्रतियोगिता में विजेता युवतियों को दिये गये प्रमाण पत्र व मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मेरा युवा भारत कटनी के तत्वावधान में महिला दिवस के अवसर पर सभी आयु वर्ग की महिलाओं के लिए अस्मिता दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय तिलक महाविद्यालय के खेल मैदान में हुआ। इसमें 13 वर्ष से कम, 13 से 18 वर्ष एवं 18 वर्ष से अधिक उम्र की युवतियों हेतु 3 हिस्सों में 3 प्रकार की दौड़ (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर) एवं रस्सा-कसी सहित कुल 12 खंडों में खेल प्रतियोगिता आयोजित हुई। सभी खेल स्पर्धा में आने वाले प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली युवतियों को मैडल, प्रमाण पत्र, माई भारत कैप एवं माई भारत टी-शर्ट उपहार स्वरुप प्रदान की गई। साथ ही सभी




आयु वर्ग में रस्सा-कसी में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को भी ट्रॉफी, मैडल एवं प्रमाण पत्र दिए गए।

कार्यक्रम में माई भारत से जुड़े युवती मंडल की सदस्तियों समेत तिलक महाविद्यालय, कन्या महाविद्यालय, एसीसी कैमोर एवं महिला बाल विकास विभाग से जुडी युवतियों से सहभागिता की।

पुरुस्कार वितरण समारोह की शुरुआत में मुख्य अतिथि मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया। तत्पश्चात जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर द्वारा मुख्य अतिथि को कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गई।

मंचासीन अन्य अतिथि डॉ सुनील वाजपेयी (प्राचार्य, शा. तिलक महाविद्यालय), डॉ. चित्र प्रभात (प्राचार्य, शा. कन्या महाविद्यालय), वनश्री कुर्वेती (सहायक संचालक, महिला बाल विकास विभाग), डॉ. माधुरी गर्ग (एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर) रहे।

### विजेताओं को किया पुरस्कृत

विधायक जायसवाल ने सभी विजेता खिलाडियों को शुभकामनाएँ दी एवं सभी प्रतिभागियों को खेलों से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किया। समस्त अतिथि गण द्वारा विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के अंत में राजकुमार अग्रवाल (पूर्व लेखा कार्यक्रम पर्यवेक्षक, माई भारत) द्वारा सभी अतिथियों का आभार एवं कार्यक्रम की औपचारिक समाप्ति की गई। जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिए गए।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम में कोच के रूप में पूर्व चैंपियन एथलिट जितेश विश्वकर्मा, एथलिट कोच फारुख अंसारी, अशोक राव, राजकिशोर पटेल, सलमान अहमद एवं शुभम श्रीवास का सहयोग रहा। साथ ही, खेल विभाग से आए सभी ब्लाक स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर ने मैदान व्यवस्था में पूर्ण सहयोग दिया। अतिथि द्वारा सभी कोच एवं ब्लाक सपोर्ट कोऑर्डिनेटर का स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खेलो इंडिया, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस प्रशासन का भी पूर्ण सहयोग रहा।

---

# जिले में हार्वेस्टर के लिए 'स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम' अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में नरवाई जलाने की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष तिवारी ने फसल कटाई हेतु उपयोग होने वाले कम्बाईन हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगा होना अनिवार्य कर दिया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने आदेश में कहा है कि यदि हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम नहीं है, तो हार्वेस्टर मालिक को बेलर की व्यवस्था करनी होगी ताकि फसल अवशेषों का प्रबंधन किया जा सके। आदेश का पालन न करने पर संबंधित हार्वेस्टर मालिक पर दण्ड अधिरोपित करने की कार्यवाही की जाएगी।

### घटनाओं में हो रही वृद्धि

उल्लेखनीय है कि उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास और सहायक कृषि यंत्री द्वारा कलेक्टर श्री तिवारी के संज्ञान में यह बात लाई गई थी कि जिले में फसल कटाई (खरीफ में धान और रबी में गेहूं) में उपयोग होने वाले हार्वेस्टर बिना 'स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम' के संचालित हो रहे हैं। इसके कारण फसल अवशेष नरवाई को जलाने की घटनाओं में वृद्धि हो रही है, जबकि जिले में नरवाई जलाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

### उल्लंघन पर होगी कार्यवाही

कलेक्टर श्री तिवारी ने आदेश में सहायक कृषि यंत्री को जिले में उपलब्ध और बाहर से आने वाले सभी कम्बाईन हार्वेस्टर मालिकों को सूचित करने तथा आदेश के उल्लंघन पर दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

## खबर संक्षेप

### आवारा मवेशियों को पकड़ कर भेजा गया कांजी हाउस

**कटनी।** नगर में सड़कों पर स्वतंत्र रूप से विचरण करने वाले आवारा/घुमंतू मवेशियों पर नियंत्रण लगाने के लिए नगर निगम की हांका टीम सक्रियता से कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में रविवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों स्टेशन रोड मुख्य मार्ग, संत कंवरराम वार्ड सहित माधव नगर के विभिन्न स्थलों व राम जानकी हनुमान वार्ड में अभियान चलाकर 7 घुमंतू मवेशियों को पकड़ा गया। पकड़े गए मवेशियों को वाहन के माध्यम से सुरक्षित पकड़कर नियमानुसार अमीरगंज स्थित कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान निरंतर जारी रखा जा रहा है। नगर निगम प्रशासन ने मवेशी पालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें। यदि मवेशी सड़कों पर पाए जाते हैं तो नियमानुसार उन्हें पकड़कर कांजी हाउस भेजने के साथ ही संबंधित पशुपालकों पर जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी।

### अपराधी को 3 माह तक थाना में देनी होगी हाजिरी

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने वार्ड क्रमांक 14 अमरैयापार, थाना कैमोर, कटनी निवासी इमरान खान उर्फ करिया पिता अब्दु ल लतीफ उम्र 37 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्यी सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1, 7, 14, 21 और 28 तारीख को पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टपर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्तद प्रतिवेदन के आधार पर की है। इमरान के विरूद्ध मारपीट कर चोट पहुंचाने, जान से मारने की धमकी देने, बुरी नियत से हाथ पकड़ना एवं दहेत प्रताड़ना जैस आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। साथ ही इमरान साम्प्रेदायिक भावनाओं को भड़काकर उत्तैजित कर लड़ाई झगड़ा करता है जिससे लोगों में सद्भाव बिगड़ने की संभावना रहती है। पुलिस द्वारा इमरान के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। जिला दण्डाधिकारी ने आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 3 माह तक पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर 11 मार्च को

**कटनी।** नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित अग्रिम पंक्ति के सफाई मित्रों की सेहत का ध्यान रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा बुधवार 11 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे से नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभाकक्ष में विशाल स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने स्वास्थ्य शिविर आयोजन की समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि शिविर में जिला चिकित्सालय के मेडिकल विशेषज्ञ, सर्जिकल विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ द्वारा नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयां भी प्रदान किया जाएगा। इस दौरान रक्तचाप, शुगर सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर का उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा समय पर स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा प्रदान करना है। सभी अधिकारी-कर्मचारियों से शिविर में उपस्थित लाभ लेने की अपील की गई है।

### धरे गए 8 जुआरी

**कटनी।** कुठला पुलिस ने सत्संग नगर में चल रहे जुआ फड़ पर छापा मारा। पुलिस ने मौके से 08 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें रवि निषाद, अभिषेक दाहिया, पिंकू निषाद, गोपाल उर्फ विजय, राजा उर्फ दुर्गा, दयाशंकर, सुनील केवट और संतोष चौधरी शामिल हैं। जुआरियों से 3990/- रुपये बरामद किया गया हैं।

## शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने एवं जर्जर शौचालयों को गिराने कलेक्टर ने दिये निर्देश

# योजनाओं की समीक्षा कर प्रगति लाने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत स्कूलों और हॉस्टल में जाकर बालिकाओं की काउंसिलिंग करें और एचपीवी वैक्सीनेशन कार्य में तेजी लायें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार मौजूद रहे। बैठक में सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर ने बताया कि बीते शनिवार को 384 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बहोरीबंद एसएडीओ को पीएम सोलर पंप योजना के तहत लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की हिदायत दी। इसी प्रकार उन्होंने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 के तहत अनुसूचित जाति एवं जनजाति परिवारों को शत-प्रतिशत निःशुल्क कनेक्शन जारी करने हेतु जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री तिवारी ने बालिका शौचालय और मरम्मत की प्रगति की समीक्षा करते हुये जर्जर हो चुके सभी शौचालयों को गिराने के निर्देश जिला परियोजना समन्वयक को दिये। कलेक्टर श्री तिवारी ने लंबित नामांकन, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुये जनपद पंचायत विजयराघवगढ़, बड़वारा एवं रीठी को अगले एक सप्ताह में और अधिक प्रगति लाने के निर्देश दिये।

### किसानों को अब तक 1165 करोड़ का हुआ भुगतान

बैठक में बताया गया कि 58 हजार 700 किसानों को समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का 1 हजार 165 करोड़ 35 लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है। इस साल जिले में पिछले साल की तुलना में करीब 120 फीसदी धान की खरीदी हुई।

### हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा

कलेक्टर श्री तिवारी ने उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, तकनीकी शिक्षा, खनिज, पीडब्ल्यूडी, सहकारिता, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, गृह, जल संसाधन, अनुसूचित जाति, स्कूल शिक्षा, कृषि, सामाजिक न्याय, पीएचई, नगरीय निकाय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, साइंस एण्ड टेक, श्रम, लोक सेवा, वन, सामान्य प्रशासन, वित्त, जेल, खाद्य, उर्जा, परिवहन, वाणिज्य कर एवं पशुपालन विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा की। कलेक्टर श्री तिवारी ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना और जननी सुरक्षा योजना से संबंधित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश सीएमएचओ को दिये। कलेक्टर ने सभी विभागों को संकल्प से समाधान अभियान के तहत लंबित आवेदनों को निराकृत करने के निर्देश दिये। साथ ही अभियान के तहत 16 मार्च से लगने वाले विकासखंड स्तरीय शिविरों में सभी जिला अधिकारियों को शामिल होने की हिदायत दी।

### कलेक्टर ने दी हिदायत

कलेक्टर ने स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षाओं के दौरान नगरीय निकायों की पीएम स्वनिधि, आदिम जाति कल्याण विभाग की संत रविदास स्वरोजगार योजना, भीमराव अंबेडकर योजना, टंट्या मामा और भगवान बिरसामुंडा स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को इन सभी योजनाओं के लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने उद्यागिकी विभाग को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना में स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करने की हिदायत दी। उन्होंने उद्योग विभाग की पीएम विश्वकर्मा योजना में भी प्रगति लाने के निर्देश दिये।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर दिये निर्देश

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कटनी जिले के बरही में प्रस्तावित आगमन के मद्देनजर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री तिवारी ने कृषि एवं इससे संबद्ध विभाग जैसे उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्योद्योग, कृषि अभियांत्रिकी, सहकारिता एवं जल संसाधन विभाग को विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित प्रदर्शनी कार्यक्रम स्थल पर लगाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य विभाग को हेल्थ कैंप और जिला रोजगार अधिकारी को रोजगार मेला आयोजित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा कलेक्टर ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के हाथों हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, सभी एसडीएम, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, आरटीओ संतोष पाल, सहायक आयुक्त आदिमजाति विमल चौरसिया, उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर के सोनी, एलडीएम मेजरस किंडो, उद्योग विभाग की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान, सहायक संचालक मत्स्योद्योग आशीष नायक सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# छात्र-छात्राओं ने दी मोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद वार्षिक स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रणय पांडेय रहे। इस दौरान एसडीएम राकेश चौरसिया, प्राचार्य इंद्रकुमार ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि व महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि विद्यार्थियों के लिये जीवन का सबसे बेहतरीन समय होता है उनकी कॉलेज लाईफ जिसमें वे जीवन में संघर्षों का सामना करना सीखते हैं एवं थकावट और तनाव दूर करने का सबसे अच्छा तरीका है ।सभी विद्यार्थियों के द्वारा साथ मिलकर मौजमस्ती के साथ सांस्कृतिक उत्सव मनाना। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को ऊंचाईयो तक ले जाने के लिए सीढ़ियों का काम करते है।प्रत्येक विद्यार्थी के अंदर एक विवेकानंद एवम अब्दुल कलाम बसते हैं, केवल उन्हे खोजने की है आवश्यकता है।विधायक ने नई सोच -युवा पहचान कार्यक्रम के जरिये विद्यार्थियों से शिक्षा, भविष्य और युवाओं की भूमिका जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की ओर कहा कि शिक्षा ही समृद्धि का आधार है। हमारे देश और क्षेत्र के युवा जितने अधिक शिक्षित होंगे, उनके लिए प्रगति और समृद्धि के उतने ही अधिक द्वार खुलेंगे। बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के यही प्रतिभाशाली युवा भविष्य में प्रदेश और देश का नेतृत्व करेंगे, ऐसा मेरा पूर्ण विश्वास है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और सशक्त भारत के निर्माण के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो की छठा बिखेरी गई व विभिन्न विधायो के रंग बिखेरे गए। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्र_छात्राओ को सम्मानित किया गया। प्राध्यापकों ने सभी विद्यार्थियों को मिलजुल कर जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिये हमेशा तैयार रहने की बात कही।

इस दौरान सुश्री दिव्या तिवारी, मंजू द्विवेदी,डॉ प्रवीण गर्ग, डॉ अजय सिंह,विवेक शुक्ला, ज्योति ताम्रकार, खुशबू श्रीवास्तव, गरिमा श्रीवास्तव, रश्मि पांडेय सहित स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शिविर में अधिकारियों की अनुपस्थिति से भटकते रहे ग्रामीण



सिलौंडी में संकल्प से समाधान योजना के शिविर में कुछ ही विभाग की उपस्थिति रही, अधिकांश शासकीय विभाग की अनुपस्थित के कारण जन प्रतिनिधि आम जनता को भटकना पड़ रहा है। शिविर में पशु पालन विभाग ,बिजली विभाग , पी एच आई विभाग , पी डब्लू डी विभाग की कोई भी अधिकारी कर्मचारी नही आया। शिविर में आए जन प्रतिनिधियों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से भी किया। विभागों की अनुपस्थित के कारण अनेक सरकारी काम पर की समस्याओं का निराकरण नही हो सका है। शिविर में सिलौंडी सरपंच पंचों संतोष कुमार ,उपसरपंच राहुल राय,पाली सरपंच दीनू सिंह ठाकुर , जनपद पंचायत से मार्को जी ,सचिव गुमान सिंह बागरी ,राजभान दुबे ,सैयद अली,विजय दुबे ,मुकेश वर्कडे ,रामचंद्र यादब , बल विकास से परियोजना अधिकारी आरती यादव ,स्वास्थ्य विभाग से श्री तिवारी, सहकारी समिति से प्रबंधक पुरूषोत्तम बर्मन सहित अधिकारी कर्मचारी रहे।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गेहूं उपार्जन के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर कटनी जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 55 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर ने किसान भाइयों से निर्धारित समयावधि में पंजीयन कराने का आग्रह किया है। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रूपये अधिक है।

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। इन केन्द्रों पर पंजीयन के लिये शुल्क राशि प्राप्त करने के संबंध में कलेक्टर निर्देश जारी करेंगे। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क निर्धारित नहीं किया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज़ एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान-पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जाना अनिवार्य होगा।

किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में भुगतान किया जा सकेगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक का नाम खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। अक्रियाशील बैंक खाते, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम, बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाईल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें।

## ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल को किया जाएगा चयन

# आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया 13 मार्च से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आर.टी.ई पोर्टल www.rteportal.mp.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं।

सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन 9 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आर.टी.ई. में निःशुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी,निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, तत्तसंबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से, आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में, एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नही होगी।

ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। 2 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी द्वारा छात्रों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जायेगा। लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत आवंटित सीट की जानकारी, आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर, एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जायेगी। ऑनलाइन लॉटरी की सूची पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी।

आयु के संबंध में, नर्सरी, के.जी.-1, के.जी.-2 कक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 03 से 04 वर्ष 06 माह एवं कक्षा-1 में प्रवेश के लिये न्यूनतम आयु 06 वर्ष से अधिक से 7 वर्ष 6 माह तक निर्धारित की गई है। सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु नर्सरी, के.जी.-1, के.जी.-2 कक्षाओं के लिए आवेदक की आयु की गणना दिनांक 31 जुलाई 2026 की स्थिति में एवं कक्षा 1 के लिए 30 सितम्बर 2026 की स्थिति में की जायेगी।

## महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा विषय पर हुई संगोष्ठी

# साइबर ठगी से बचने के लिए बरतें सावधानी, घबरायें नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय की अध्यक्षता मै साइबर सुरक्षा विषय पर संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें डॉ भरत लाल तिवारी ओर डॉ कमला पटेल के द्वारा व्याख्यान दिया गया। डॉ भरत लाल तिवारी ने व्याख्यान देते हुए छात्र -छात्राओं को जागरूक किया कि आजकल लालच व अज्ञानतावश लोग साइबर अपराध का शिकार हो रहे हैं।

साइबर ठगी का शिकार लोगों की फेहरिस्त में बड़े उद्यमी-कारोबारी, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी से लेकर सरकारी कर्मचारी, पुलिस महकमे के लोग और बैंक अधिकारी तक शामिल हैं, जो शिक्षित हैं और बड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे हैं या कर रहे हैं। लेकिन सावधानी नहीं बरतने पर वे साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। यानी साइबर ठग किसी को नहीं छोड़ रहे हैं, वे समाज के हर वर्ग को चंगुल में ले रहे हैं।

उन्होंने बताया कि साइबर ठगी करने वाले पहले फर्जी कॉल कर प्रलोभन देते हैं। जिसके जरिए वे बैंक डिटेल, आधार या अन्य महत्वपूर्ण जानकारी हासिल कर लेते हैं और फिर खाते रुपए पार कर लेते हैं। इसके अलावा डॉ कमला पटेल द्वारा ने मोबाइल सुरक्षा, बैंक खाता मैनेज करना और पासवर्ड बनाने जैसे विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई।

साइबर अपराध संबंधी वेबसाइट की जानकारी दी। बताया कि फोन पर कभी भी किसी अनजान व्यक्ति को बिना सोचे समझे क्लिक न करें। यदि आपके साथ कोई साइबर क्राइम या कोई अनचाही स्थिती बने तो तुरंत पुलिस से संपर्क करें। ऐसे में साइबर अपराध को रोकने के लिए विशेष सतर्कता के साथ आधुनिक तकनीक का ज्ञान होना आवश्यक है। सतर्क रहकर ही इस अपराध से बचा जा सकता है क्योंकि सुविधाएं कई बार समस्या भी बन जाती है। ऐसे में जागरूकता ही बचाव है। आजकल सारे काम ऑनलाइन होने लगे हैं। इसलिए सावधानी की सख्त आवश्यकता है। कोई भी ऑनलाइन कार्य करें तो किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को ओटीपी आदि की जानकारी नहीं देवें।इस दौरान छात्र - छात्राओं की उपस्थिति रही।

# जैविक कृषि उत्पादन प्रमाणीकरण का दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्राचार्या डॉ सरिता पांडे के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार दिया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यार्थियों को जैविक कृषि उत्पादन प्रमाणीकरण का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

जैविक खेती कि वह प्रणाली है जो प्रकृति व पर्यावरण को स्वच्छ व संतुलित रखती है जैविक खेती में भूमि की उर्वरा शक्ति जल धारण क्षमता में वृद्धि जैव विविधता को बनाए रखते हुए जल पर्यावरण एवं वायु को प्रदूषित किए बिना उत्पादन प्राप्त किया जाता है। बाजार में जैविक कृषि उत्पादन जैविक प्रमाणीकरण के नियमों का पालन कर प्रमाणित हो। प्रमाणीकरण एक सतत प्रक्रिया है जिसमें जैविक उत्पादन की विभिन्न अवस्थाओं जैसे उत्पादन प्रसंस्करण भंडारण इत्यादि का जैविक मानकों के आधार पर प्रमाणीकरण संस्थाओं द्वारा निरीक्षण किया जाता है इसके बाद कृषक को जैविक कृषि उत्पादन का प्रमाण पत्र दिया जाता है। इसके लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा मध्य प्रदेश राज्य जैविक प्रमाणीकरण संस्था का गठन किया गया है यह संस्था जैविक कृषि उत्पादों को सहभागिता गारंटी प्रणाली के अंतर्गत प्रमाणित करता है जैविक उत्पादों पर प्रमाणीकरण के पश्चात इंडिया ऑर्गेनिक मार्क लगाया जाता है जो उन उत्पादों के जैविक मानकों परखरा होने की गारंटी है। जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण के लिए समूह का गठन ग्राम स्तर पर किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### हक मांगने पर हाका जाता है, विस्थापित गांवों का छलका दर्द

**पन्ना।** जय किसान संगठन के बैनर तले सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर के नेतृत्व में चल रही "न्याय अधिकार पदयात्रा" के तीसरा दिन माझगाय मध्यम सिंचाई परियोजना और रुन्झ बांध से प्रभावित गांवों में किसानों और आदिवासी परिवारों के बीच में बीता, लोगों ने बढ़ चढ़कर यात्रा में सहभागिता निभाई, जिसमें जिसमें बड़ी संख्या महिलाओं की थी। तीन दिवसीय इस पदयात्रा का मुख्य संदेश "जमीन छीनी, अब जान मत छीनो" है, जिसके माध्यम से विस्थापित किसानों और आदिवासी परिवारों के दर्द और समस्याओं को सामने लाया जा रहा है। पदयात्रा के तीसरे दिन बनहरी, टपरियन, कुंवारपुरा और बालूपुर गांवों में पहुंचकर किसान चौपाल आयोजित की गई, जहां ग्रामीणों ने विस्थापन से जुड़ी समस्याएं खुलकर सामने रखीं। खबर लिखे जाने तक पदयात्रा रुन्झ बांध प्रभावित गांव विश्रामगंज और पांडेपुरवा मे किसान चौपाल कर रही थी, जहां ग्रामीणों की समस्याओं का दस्तावेजीकरण किया जा रहा था और उन्हें भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम 2013 की जानकारी दी जा रही थी। ग्रामीण बोले - हमें कानून और ग्रामसभा की जानकारी तक नहीं किसान चौपाल में ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें आज तक भूमि अधिग्रहण कानून या ग्रामसभा की प्रक्रिया के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। ग्रामीणों ने कहा,हमने पहली बार इस कानून का नाम सुना है। हमें तो यह भी नहीं पता था कि ग्रामसभा होती है और हमसे पूछा जाता है। हमें लगता था कि सरकार हमें जबरन उजाड़ना चाहती है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि परियोजना सम्बंधित ग्रामसभा, आम सभा या जनसुनबाई कभी आयोजित नहीं की गई और न ही कानूनी प्रक्रिया के बारे में उन्हें अवगत कराया गया।

### कलेक्टर ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंधित करने के संबंध में दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं गत दिवस मुख्यमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंधित करने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में समस्त कार्यालय प्रमुखों सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ तथा नगरीय निकायों के सीएमओ को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। मध्यप्रदेश में एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं का निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, विक्रय व उपयोग पर प्रतिबंध है। इन वस्तुओं में प्लास्टिक स्टिक सहित ईयर वर्ड, बैलून में उपयोग होने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक झंडे, कैंडी स्टिक, आईसक्रीम स्टिक, सजावट में उपयोग होने वाले थर्मोकोल, प्लास्टिक प्लेट्स, कप, गिलास, फोर्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, ट्रे, स्वीट बॉक्स, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट को कव्हर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लास्टिक स्टिरर्स तथा 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पीवीसी के बैनर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा किसी भी शासकीय कार्यालय अथवा कार्यक्रमों में पानी पिलाने के लिए प्लास्टिक बॉटल का उपयोग नहीं करने संबंधी निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

### आस्था की राह पर निकले शिवभक्त

# उपकाशी हटा से दो युवाओं ने शुरू की 2500 किमी की चारधाम पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

**धर्मपरायण नगरी उपकाशी हटा से सोमवार को आस्था और संकल्प की अनोखी मिसाल देखने को मिली। नगर के दो शिवभक्त युवाओं ने भगवान भोलेनाथ की कृपा पाने और अपने वर्षों पुराने संकल्प को पूरा करने के लिए देश के चारों धाम की लगभग 2500 किलोमीटर लंबी पदयात्रा शुरू की।**



नगर के मुरली मनोहर वार्ड, वाल्मीकि मोहल्ला निवासी प्रताप उर्फ प्रकाश सपेरा (35 वर्ष) और बादल वाल्मीकि ने सुबह परिजनों, रिश्तेदारों और शिवभक्तों के साथ देवश्री गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए और अपनी यात्रा के सफल होने की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने ध्वजा-पताका और हर-हर महादेव के जयकारों के बीच दोनों शिवभक्तों का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ उन्हें चारधाम पदयात्रा के लिए भावभीनी विदाई दी गई।

#### संकल्प पूरा करने निकले शिवभक्त

शिवभक्त प्रकाश वाल्मीकि ने बताया कि वे बचपन से ही भगवान शिव के अनन्य भक्त हैं। वर्षों पहले उन्होंने संकल्प लिया था कि वे देश के पवित्र चारों धाम की यात्रा पैदल करेंगे। उसी संकल्प को पूरा करने के लिए चैत्र मास षष्ठी, सोमवार के शुभ अवसर पर भगवान गौरीशंकर के दर्शन कर इस यात्रा का शुभारंभ किया गया है।उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान सबसे पहले वे बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जटाशंकर धाम पहुंचकर भोलेनाथ के दर्शन करेंगे। इसके बाद आगे बढ़ते हुए चारों धाम की यात्रा पूरी करेंगे। यह पदयात्रा करीब छह माह में पूरी होने का अनुमान है।

#### कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

इसी दौरान दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर गौरीशंकर मंदिर परिसर स्थित सभा मंच का निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने शिवभक्त प्रकाश वाल्मीकि से मुलाकात कर उनकी पदयात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं और यात्रा के सफल व मंगलमय होने की कामना की।

## शराबियों के बढ़ते उत्पाद के कारण आम जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैसाबाद

ग्राम के बस स्टैंड हरदौल बाबा के चबूतरे के पास शाम ढलते ही शराबियों का जाम से जाम टकराने का दौर शुरू हो जाता है जो देर रात तक चलता रहता है शराब पीकर बिना कारण ही हवा में गाली गलोज करना शराबियों के लिए आम बात हो गई है ग्राम में शराबियों के बढ़ते आतंक के चलते आम इज्जतदार लोगों का रात्रि के समय अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो चला है शराबी शराब पीकर खुलेआम बीच बाजार सड़क पर इधर से उधर टहलते हुए गंदी गंदी गाली बकते रहते हैं जिससे राह चलते आम लोगों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ रही है ग्रामीण जनों ने हरिभूमि को बताया कि ग्राम में रात्रि के समय पुलिस गस्त भी नहीं लगाई जाती है जिस कारण शराबियों के हौसले बुलंदी पर हैं, यदि रात्रि में पुलिस गस्त लगाई जाए तो शायद शराबियों के उत्पादों पर अंकुश लगाया जा सकता हैं, बाजार रोड के किनारे निवासरत लोगों ने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए हरिभूमि संवाददाता को बताया कि यदि कभी हमारे घर पर किसी मेहमान का आगमन होता है तो उन्हें भी इन शराबियों के आतंक का शिकार होना पड़ता है रिश्तेदारों के सामने शराबियों की धमा चौकड़ी एवं गंदी-गंदी गाली सुनकर हम लोगों को बहुत अधिक शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, ग्रामीण जनो ने शासन प्रशासन से ग्राम में रोज-रोज हो रही शराब खोरी पर अंकुश लगाए जाने की मांग करते हुए ग्राम में रात्रि पुलिस गस्त लगाए जाने की मांग की है।

## पटेरिया में श्रीमद् भागवत कथा का चल रहा आयोजन



**सगोनी।** ग्राम पटेरिया में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। कथा वाचक पं. श्री भरतलाल द्विवेदी जी महराज (हिन्डोरिया वाले) वालो के मुखारबिंद से श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जा रही है कथा में श्री कृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाया महराज जी ने बताया कि कंश के अत्याचारों से त्रस्त मथुरा वासियो की पुकार सुनकर देवकी के आठवें पुत्र के रूप में भगवान श्री कृष्ण ने अवतार लिया कृष्ण ने कंस को मारकर माता-पिता को कारागार से मुक्त कराया और नानाश्री को मथुरा का सिंहासन सौपा। कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बडी. धूमधाम से मनाया नन्द के आंनद भयो जय कन्हैया लाल के सरीखें भजनो से पूरा पंडाल नाच उठा कथा में कृष्ण जन्म नन्दबाबा की झाकी सजाई गई। कथा का आयोजन कुशवाहा पटैल परिवार में चल रहा है जिसमें- कथा श्रोता- मकुन्दी पटैल पत्नी कमला बाई पटैल, वन विभाग के बाजू से रेल्वे स्टेशन सगोनी पटेरिया में कथा चल रही है। जिसमें गंगाराम, प्रीतम परसोत्तम, ने लोगों से पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# 'मैं भी महत्वपूर्ण हूँ' विषय पर महिला सशक्तिकरण को लेकर प्रेरणादायी विमर्श कार्यक्रम आयोजित



**दमोह।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लीनेस मैत्री क्लब दमोह द्वारा "मैं भी महत्वपूर्ण हूँ" विषय पर महिला सशक्तिकरण को लेकर एक सार्थक विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने महिलाओं के आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और समाज में उनकी भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर महिला सशक्तिकरण रोज़ी बग्गा ने कहा कि हर महिला को अपनी क्षमता और महत्व को पहचानना चाहिए। जब नारी स्वयं पर विश्वास करती है और आगे बढ़ने का संकल्प लेती है, तब वह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम होती ळें क्लब अध्यक्ष रजनी खरे ने कहा कि "मैं भी महत्वपूर्ण हूँ" का भाव हर महिला के मन में होना चाहिए। जब नारी अपने आत्मसम्मान को समझती है, तभी वह परिवार और समाज को नई दिशा देने का कार्य कर सकती है। क्लब सचिव ज्योति चिली ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं को शिक्षा, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। यही सच्चे महिला सशक्तिकरण की पहचान है। कोषाध्यक्ष माया यादव ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही है और समाज में नई प्रेरणा बन रही है। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ज्योति सचदेव, रिम्मी जुनेजा, पद्मा दुबे, एकता जुनेजा, भावना शिवहरे, सुनीता अग्रवाल, रंजना नोतानी, स्मृति खरे, मनीषा तिवारी, सारिका टंडन और नर्मदा सिंह ने भी संक्षिप्त संबोधन में कहा कि महिलाओं को एक-दूसरे का सहयोग करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए, तभी समाज में वास्तविक सशक्तिकरण संभव होगा। कार्यक्रम की प्रोजेक्ट डायरेक्टर मोनिका चिले, बरखा गुप्ता, काजल और कृतिका रहीं। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायी रहा और अंत में सभी ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## महिला दिवस पर वृद्ध आश्रम में हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, मातृशक्ति को किया सम्मानित



**दमोह।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार 8 मार्च को वृद्ध आश्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल ने की, जबकि रमन खत्री एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधा राय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयाँ प्रदान की गईं। शिविर में फार्मासिस्ट पुनीत मिश्रा, नर्सिंग ऑफिसर तहमीना तथा ज्योति अहिरवाल (वार्ड आया) ने सक्रिय रूप से सेवाएँ दीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाज की सच्ची शक्ति वह महिलाएँ हैं जो निस्वार्थ सेवा और समर्पण से दूसरों के जीवन में उम्मीद और सहारा बनती हैं। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट सेवाएँ देने वाली मातृशक्ति को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में नर्सिंग ऑफिसर मिनी, नर्सिंग ऑफिसर लता पंचशील, फार्मासिस्ट प्रज्ञा खरे, एएनएम नीतू जाटव एवं सफाई कर्मचारी ममता खरारे शामिल रहीं। इस अवसर पर यह भी कहा गया कि जब महिलाओं के कार्य और योगदान को सम्मान मिलता है, तभी समाज में समानता, संवेदनशीलता और प्रगति की मजबूत नींव तैयार होती है। कार्यक्रम का मंच संचालन अस्पताल प्रबंधक डॉ. सुरेंद्र सिंह द्वारा किया गया। अंत में रेड क्रॉस सोसायटी के वीरेंद्र असाटी एवं जिला अस्पताल के योगेश जाट द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## महिला दिवस पर प्रतिभाशाली महिलाओं को किया सम्मानित




**दमोह।** भारत सरकार द्वारा देश भर में बाल विवाह रोकने के लिए संचालित 100 दिवसीय अभियान के समापन के मौके पर संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह द्वारा एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला अधिकार दिवस वेलोसिटी कोचिंग सेंटर मे मनाया गया। इस मौके पर जिले मे सामाज सेवा के विभिन्न क्षेत्र में सतत सक्रिय रूप से काम करने वाली चयनित महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुजात खान के गीत "अब गाँव गाँव और शहर शहर मे जाग रही है नारी" गीत गायन के साथ की गई। इस मौके पर संकल्प संस्था के जिला समन्वयक देवेंद्र दुबे के द्वारा दमोह जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक तेंदूखेड़ा में बाल विवाह, बाल श्रम, बाल योन शोषण, बाल तस्करी जैसे अपराधों को रोकने एवं उनके प्रति व्यापक जन जागरुकता लाने एवं सरकार के अभियान को सफल बनाने के लिए संस्था द्वारा जिला के विभिन्न विभागों के सहयोग से संचालित किए गए प्रयासों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर श्री दुबे ने बताया कि भारत सरकार के पिछले 27 नवंबर 2025 से संचालित 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा, पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समितियां का सशक्तिकरण, स्वयं सेवकों का उन्मुखीकरण, धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थाओं, पंचायतों के बीच छात्रों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के बीच बाल विवाह रोकने सामूहिक शपथ कार्यक्रमों के अलावा झंडा-बैनर आदि लगाकर मीडिया का उपयोग करते हुए बाल अधिकारों को लेकर व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम जिले में चलाए गये। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं के व्दारा बाल अधिकारों एवं उनके संरक्षण विषय के अलावा महिलाओं के अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस मौके पर मीना पाठक, नीता मिश्रा, राज लक्ष्मी पाराशर, जय रहमान, खुशबू तिवारी, संगीता श्रीधर, मानसी सोनी, गायत्री लोधी, साक्षी गुरु इत्यादि चयनित महिलाओं को संस्था की ओर से उनके सतत सामाजिक क्षेत्र मे योगदान को देखते हुये शाल श्रीफल से आदि से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मीडिया की ओर से मनीष सोनी ने भी अपने विचार महिला अधिकार पर रखे। अंत मे बाल विवाह के विरुद्ध सभी ने सामुहिक शपथ भी ली। इस अवसर पर राहुल जैन, अभिलाष शास्त्री सहित सेंटर के अनेक बच्चे मौजूद रहे।

## 331 गर्भवती महिलाओं ने उठाया स्वास्थ्य लाभ



**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज सिविल अस्पताल हटा सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति में विशेष स्वास्थ्य जॉच, परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पूर्व से चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं एवं जिन गर्भवती की अनुमानित प्रसव तिथी माह जनवरी के दूसरे सप्ताह में है, ऐसी सभी महिलाओं की विशेष स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में 331 गर्भवती महिलाओं ने विशेष स्वास्थ्य क्लीनिक में पहुचकर विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। विशेष स्वास्थ्य क्लीनिक दौरान गर्भवती महिलाओं की सुविधाओं का खास ध्यान रखा गया। अलग से ओ.पी.डी., बैठने की उचित व्यवस्था, जांच एवं प्रयोगशाला जांच के लिए पृथक से काउंटर बनाये गये। पेयजल एवं स्वल्पाहार के रूप में पौष्टिक-स्वादिष्ट खिचडी प्रदाय किया गया। चिकित्सकों द्वारा पोषण परामर्श दिया गया तथा गर्भवती महिलाओं को आयरन एवं कैल्शियम टेबलेट का वितरण भी किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा पहुचकर पीएमएसएमए शिविर में दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। आवश्यक सुधार के निर्देश दिये। उन्होने बताया कि विशेषज्ञों द्वारा गर्भवती महिला को स्वास्थ्य परीक्षण दौरान पेट की जांच, भ्रूण की धड़कन, रक्तचाप, हिमोग्लोबिन, पेशाब की जांच की गई, ताकि मॉ एवं गर्भस्थ शिशु की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। डॉ रीता चटर्जी ने बताया कि हर गर्भवती का सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित हो सके इसलिए सभी गर्भवती महिलाओं को उपर्युक्त डिलेवरी प्वायंट से जोड़ा गया। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता त्रिवेदी ने सिविल अस्पताल हटा में कुल 73 गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवा प्रदायित की। उनके द्वारा 12 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच भी की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सीएचओ द्वारा जिन गर्भवती की अनुमानित प्रसव तिथी माह मार्च में है उनमें जोखिम चिन्हों की पहचान-समुचित प्रबंधन, सभी पंजीकृत गर्भवती महिलाओं एवं सप्ताह के दौरान नवीन चिन्हित गर्भवती महिलाओं, अनियमित मासिक चक्र वाली महिलाओं में जोखिम चिन्हों की पहचान एवं समुचित प्रबंधन जैसी स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदायित की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका छाबड़ा, पटेरा में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनु दुआ, तेन्दूखेड़ा में डॉ. दीप्ती नामदेव, बटियागढ़ में डॉ. कृति पटेल, जबेरा में डॉ. नेहा गौतम, हिण्डोरिया में स्किल लैब प्रशिक्षित एएमओ ज्योति एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जटाशंकर दमोह में डॉ. मिताली हैरिसन ने अपनी सेवाएं दी।

## अजयगढ़ में स्वास्थ्य विभाग कर्मी का घर जलकर खाक, भांजी के दहेज समेत गृहस्थी का सारा सामान राख

**पन्ना।** नगर के वार्ड क्रमांक 01, टिकुरिया मोहल्ला में बीती रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक रिहायशी मकान में अचानक भीषण आग लग गई। इस हादसे में सरकारी अस्पताल में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्यरत मुजीब खान, पिता दीदार बख्श का पूरा घर जलकर खाक हो गया। आग इतनी भयावह थी कि घर में रखा तिनका-तिनका जल गया और परिवार के पास अब सिर छिपाने के लिए छत और पहनने के कपड़ों के अलावा कुछ शेष नहीं बचा है।

#### आधी रात को मचा कोहराम

जानकारी के अनुसार, हादसा रात करीब 2:00 बजे का है जब परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। अचानक घर से धुंआ और लपटें उठती देख परिजनों की नींद खुली। जब तक बचाव कार्य शुरू किया जाता, आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया था। स्थानीय लोगों की मदद से मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सब कुछ बर्बाद हो चुका था।

#### भांजी का दहेज और दस्तावेज हुए स्वाहा

पीड़ित मुजीब खान ने बताया कि घर में उनकी बड़ी भांजी की शादी की तैयारियां चल रही थीं। शादी के लिए इकट्ठा किया गया सारा दहेज का सामान, जेवर, नगदी और कपड़े पूरी तरह जल गए हैं। इसके साथ ही घर के राशन, बर्तन और बच्चों के शैक्षणिक दस्तावेजों सहित तमाम जरूरी कागजात भी आग की भेंट चढ़ गए। पीड़ित परिवार अब खुले आसमान के नीचे दाने-दाने को मोहताज है।

#### प्रशासन से मुआवजे की गुहार

घटना के बाद से पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है। मोहल्ले वासियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए तत्काल मौका मुआयना कर उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि वे अपनी गुजर-बसर और भांजी की शादी की व्यवस्था कर सकें।

### श्रीमद्भागवत कथा में गूंजे भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य प्रसंग

## कथा व्यास ने दिया भक्ति-संयम का संदेश



**बनवार।** ग्राम रियाना में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में भक्तिमय वातावरण के बीच कथा व्यास पंडित श्री जागेश्वर कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और उनके आध्यात्मिक संदेशों का मार्मिक वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे क्षेत्र में भक्ति का वातावरण बना रहा। कथा के दौरान पंडित शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के नंद उत्सव, पूतना वध, नामकरण संस्कार, माखन चोरी लीला तथा ब्रज में घटित विभिन्न दिव्य प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रह्मांड घाट पर ब्रज की मिट्टी खाकर उसकी महिमा को और भी बढ़ाया। इस लीला के माध्यम से भगवान ने यह संदेश दिया कि अपनी जन्मभूमि और धरती के प्रति सम्मान और प्रेम रखना चाहिए। कथा व्यास ने ब्रह्मा जी के मोह भंग का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान की माया को समझ पाना किसी के लिए भी आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य अहंकार में आकर स्वयं को सर्वश्रेष्ठ मानने लगता है, तब भगवान किसी न किसी रूप में उसका अहंकार दूर करते हैं और उसे सच्चाई का बोध कराते हैं। उन्होंने कालिया नाग दमन की कथा सुनाते हुए आध्यात्मिक अर्थ समझाया कि यमुना हमारी भक्ति का प्रतीक है और कालिया हमारे भीतर का क्रोध। जब भक्ति रूपी यमुना से क्रोध रूपी कालिया को निकाल दिया जाता है, तब मन शुद्ध हो जाता है और जीवन में शांति का संचार होता है। कथा में गोवर्धन पर्वत पूजा का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र पूजा के स्थान पर प्रकृति और गोवर्धन पर्वत की पूजा का संदेश दिया। जब इंद्र ने क्रोधित होकर ब्रज में मूसलाधार वर्षा की, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की। इस प्रसंग के माध्यम से कथा व्यास ने बताया कि भगवान सदैव अपने भक्तों की रक्षा करते हैं और प्रकृति के प्रति सम्मान रखना भी मानव का कर्तव्य है। कथा व्यास पंडित जागेश्वर कृष्ण शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत के प्रसंग हमें यह सिखाते हैं कि मनुष्य को अपने भीतर के क्रोध, अहंकार और लोभ को त्यागकर भक्ति, प्रेम और सेवा का मार्ग अपनाना चाहिए। जब मनुष्य अपने मन को शुद्ध करता है, तब उसका जीवन भी सुख और शांति से भर जाता है। इस अवसर पर बांदकपुर, हलगज, मुड़ारी, जुझार, रंजरा, मैली सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।

**खबर संक्षेप**

## 11 मार्च का जनगणना प्रशिक्षण स्थगित, अब 14 मार्च को होगा

**दमोह।** अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मीना मसराम ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 11 मार्च को तहसील हटा, जिला दमोह के प्रस्तावित दौरे को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासनिक कार्यों में व्यस्तता को देखते हुए जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी जिला/चार्ज स्तरीय अधिकारियों के द्वितीय चरण के जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह प्रशिक्षण 11 मार्च को आयोजित किया जाना था, लेकिन मुख्यमंत्री के दौरे के कारण इसे निरस्त करते हुए अब आगामी 14 मार्च को आयोजित किया जाएगा।

## 16 मार्च से होगी कक्षाओं का आयोजन

**दमोह** । जिला प्रशासन, कृषि विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से समर्पण निशुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोचिंग का संचालन दमोह जिले में किया जा रहा है, नोडल अधिकारी सहायक संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति द्वारा बताया गया कि PAT 2026 की तैयारी हेतु क्रेश कोर्स की काक्षाओं का संचालन 16 मार्च से किया जा रहा है, क्रैश कोर्स कक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए विद्यार्थी 15 मार्च तक उपसंचालक कृषि कार्यालय नई कलेक्ट्रेट कक्ष क्रमांक 70 द्वितीय तल में आवेदन प्राप्त कर जमा कर सकते हैं ।
गौरतलब है कि विगत वर्ष 2025 में समर्पण निःशुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोचिंग के क्रैश कोर्स बैच से 06 विद्यार्थियों का चयन कृषि स्नातक कोर्स हेतु PAT के माध्यम से हुआ था।

## पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेला 26 से 31 मार्च तक

**दमोह।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग जिला दमोह के संयुक्त तत्वाधान में 26 से 31 मार्च तक घण्टाघर स्थित शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के प्रागंण में 06 दिवसीय पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेले का आयोजन किया जा रहा है। पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेले के आयोजन की पूर्व तैयारी हेतु जिले के समस्त पुस्तक स्टेशनरी एवं यूनीफॉर्म विक्रेताओं की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट जिला दमोह के सभा कक्ष में 10 मार्च दिन मंगलवार को अपरान्ह 03 बजे से किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी एस.के नेमा ने जिले के पुस्तक स्टेशनरी एवं यूनीफॉर्म विक्रताओं से बैठक में उपस्थिति का आग्रह किया है।

जल्द हो सकता है बड़े खुलासे

# ग्रामीणों की सतर्कता से भैंस चोर गिरोह पकड़ा, पुलिस हिरासत में पांच आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर




दमोह जिले के जबेरा थाना अंतर्गत सिंग्रामपुर चौकी क्षेत्र के गांवों में पिछले कई महीनों से सक्रिय भैंस चोर गिरोह को आखिरकार ग्रामीणों की सतर्कता से पकड़ लिया गया। पुलिस ने मौके से पांच आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और मामले में जल्द बड़े खुलासे की उम्मीद जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सिंग्रामपुर चौकी क्षेत्र में पिछले दो-तीन महीनों से भैंस चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं। कई भैंस मालिकों ने चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन चोर इतने शातिर थे कि पुलिस और ग्रामीण उनके तक नहीं पहुंच पा रहे थे। बताया जा रहा है कि आरोपी दिन में दोपहिया वाहन से गांवों में आकर रैकी करते थे और रात में समूह बनाकर वाहन के जरिए भैंस चोरी कर ले जाते थे। इसी दौरान सिंग्रामपुर निवासी मोतीलाल यादव ने 5 मार्च को अपनी दो भैंस चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार की रात करीब 11 बजे एक ऑटो में तीन-चार लोग भैंस ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे। इसके बाद भैंस मालिक और ग्रामीणों ने आसपास तलाश की, लेकिन उस समय कोई सफलता नहीं मिली। बताया जा रहा है कि 8 मार्च की रात वही ऑटो फिर से क्षेत्र में चोरी की नीयत से पहुंचा। ग्रामीणों ने ऑटो को पहचान लिया और तुरंत उसका पीछा शुरू कर दिया। पीछा करते हुए वाहन भैंसाघाट पहाड़ के रास्ते सांवरा गांव की ओर गया, जहां ग्रामीणों ने घेराबंदी कर ऑटो को पकड़ लिया। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। ऑटो में पांच लोग सवार थे, जिन्हें ग्रामीणों ने पकड़े रखा। पुलिस मौके पर पहुंची और सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर ऑटो सहित जबेरा थाना ले गई। बताया जा रहा है कि सभी आरोपी जबलपुर के निवासी हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है। भैंस मालिक मोतीलाल यादव ने बताया कि रात करीब 11 बजे छोटू राय का फोन आया कि वही ऑटो फिर से क्षेत्र में देखा गया है। इसके बाद ग्रामीणों ने मिलकर पीछा किया और सांवरा गांव में ऑटो को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान ऑटो चालक ने 5 मार्च की भैंस चोरी की घटना में शामिल होने की बात भी कबूल की।

वहीं ग्राम अलोनी निवासी गोलू यादव ने बताया कि करीब दो महीने पहले उनके घर से सात भैंस चोरी हो गई थीं। इसी तरह अलोनी के विनोद यादव के यहां से भी तीन भैंस चोरी हुई थीं, जिसकी रिपोर्ट सिंग्रामपुर चौकी में दर्ज कराई गई थी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि चोर गिरोह के पकड़े जाने से उनकी भैंसों का सुराग मिल सकता है।
धनेटा निवासी कैलाश झारिया ने बताया कि करीब 20 दिन पहले उनके घर के बाड़े से भी तीन भैंस चोरी हो गई थीं। कुछ दिन बाद चोर एक और भैंस ले जाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन मवेशियों की हलचल से परिवार जाग गया और चोर वाहन लेकर भाग निकले। ग्रामीणों के अनुसार पिछले दो-तीन महीनों में क्षेत्र से करीब 15 से 20 भैंस चोरी होने की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।
सिंग्रामपुर चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक रणधीर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ऑटो सहित पांच आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। सभी को जबेरा थाना ले जाकर पूछताछ की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियां जोरो से

## कमिश्नर आईजी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर में 11 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आगमन की तैयारियों हेतु सोमवार दोपहर सागर कमिश्नर अनिल सुचारी, सागर आईजी हिमानी खन्ना के साथ कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने हटा पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हेलीपैड से लेकर सभा स्थल सभी स्थानों पर पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी।

कमिश्नर और आईजी ने व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाने की निर्देश दिए। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि 11 मार्च को मुख्यमंत्री का दौरा हटा में प्रस्तावित है। उसी के संबंध में सागर संभाग के दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने आज हटा में दौरा किया है। हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक के आने-जाने का मार्ग और सभा स्थल पर जो कार्य चल रहा है वहां की व्यवस्थाएं देखकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। हम उन निर्देशों का पालन करेंगे और हमारी प्लानिंग रहेगी की मंगलवार रात तक सभी व्यवस्थाएं पूरी हो जाएं। 11 मार्च के दिन केवल छोटा-मोटा काम ही रह पाएगा। अभी सीएम का औपचारिक कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है फिर भी जो छोटा-मोटा काम ही रह पाएगा फिर भी जो प्रस्तावित कार्यक्रम है उसके हिसाब से वह सागर जिले से निकलकर हटा में लगभग दोपहर 3 बजे पहुंचेंगे और शाम 4:30 बजे यहां से प्रस्थान कर जाएंगे। वही एसपी सोमवंशी ने बताया कि दोनों अधिकारियों ने व्यवस्थाओं में सुधार बनाने के निर्देश दिए हैं। हेलीपैड और सभा स्थल पर व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। इस दौरान विधायक उमा देवी खटीक भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे एडिशनल एसपी सुजीत कुमार भदौरिया जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फूल पगारे, एमपीआरडीसी एजीएम सुनील कारला, जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी, एसडीएम राकेश मरकाम, तहसीलदार आलोक जैन, नायब तहसीलदार उमेश तिवारी, नगर पालिका सीएमओ राजेन्द्र खरे उपयंत्री राकेश अग्रवाल के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।
निरीक्षण के पूर्व कमिश्नर आईजी ने कलेक्टर एसपी के साथ देव श्री गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर भगवान गौरीशंकर के दर्शन किए जहां पर पुजारी राम सुजान पाठक ने मंदिर निर्माण एवं प्रसिद्धि के बारे में विस्तार से बताया उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी दूल्हा भेषधारी भगवान गौरीशंकर के दर्शन करने पहुंचेंगे।

आपत्ति निरस्त तेन्दूखेड़ा गौशाला ट्रस्ट मामले में प्रशासन का फैसला

# गौशाला समिति में नए सदस्यों की सदस्यता वैध

### दयोदय पशु सेवा केन्द्र गौशाला के चुनाव पर लगा स्थगन समाप्त


हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केन्द्र गौशाला तेन्दूखेड़ा से संबंधित सदस्यता विवाद एवं निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर प्रस्तुत आपत्ति पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा सुनवाई उपरांत निर्णय पारित किया गया है। प्रस्तुत प्रकरण में आवेदक भागचंद जैन, श्री दिगम्बर जैन पंचायत महासभा ट्रस्ट तेन्दूखेड़ा द्वारा कलेक्टर, दमोह के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर यह आपत्ति दर्ज कराई गई थी कि गौशाला ट्रस्ट के मूल संविधान के विपरीत केवल 7 सदस्यों की जानकारी एवं अनुमोदन से 51 नए सदस्यों को जोड़े जाने की प्रक्रिया अपनाई गई है, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि प्रस्तावित नए सदस्यों में अधिकांश एक ही परिवार से संबंधित हैं, जो सार्वजनिक ट्रस्ट की भावना के अनुरूप नहीं है। उक्त आवेदन के आधार पर प्रकरण विधिवत पंजीबद्ध किया गया तथा आपत्ति के निराकरण तक निर्वाचन प्रक्रिया पर अस्थायी स्थगन आदेश जारी करते हुए दोनों पक्षों को सुनवाई हेतु उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। सुनवाई के दौरान अनावेदक पक्ष द्वारा आपत्तियों का लिखित उत्तर प्रस्तुत किया गया, जिसकी प्रति आवेदक पक्ष को उपलब्ध कराई गई। साथ ही संस्था से संबंधित दस्तावेज, नियमावली तथा विभिन्न बैठकों के प्रस्तावों की प्रतिलिपियां भी आवेदक पक्ष को प्रदान की गईं। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों, संस्था के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों तथा स्थानीय नागरिकों के विचार भी विस्तार से सुने गए।

प्रकरण के अवलोकन के दौरान आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केन्द्र तेन्दूखेड़ा (पब्लिक ट्रस्ट) के न्यास पत्र, मूल संविधान तथा समय-समय पर किए गए संशोधनों का परीक्षण किया गया। साथ ही संस्था द्वारा 20.08.2024 को प्रस्तुत नवीन सदस्यों की सूचना, दिनांक 11.08.2024 की बैठक कार्यवाही तथा अन्य संबंधित अभिलेखों का भी परीक्षण किया गया। परीक्षण से यह तथ्य सामने आया कि नए सदस्यों को संस्था के प्रचलित नियमों एवं समय-समय पर किए गए संशोधनों के अनुरूप ही जोड़ा गया है। यह भी पाया गया कि आपत्तिकर्ता पक्ष में सम्मिलित कुछ सदस्य पूर्व में उसी प्रस्ताव के पक्षधर थे तथा प्रस्ताव में उनके हस्ताक्षर भी दर्ज पाए गए। उक्त प्रस्ताव संस्था के नियमों के अनुसार पारित कर सक्षम प्राधिकारी के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत किया गया था, जिसे नियमानुसार स्वीकार करते हुए ट्रस्ट पंजी में अंकित करने की कार्यवाही की गई। सदस्यता की वैधता के संबंध में नियमों के परीक्षण से यह भी स्पष्ट हुआ कि संस्था के मूल अथवा संशोधित संविधान में किसी व्यक्ति की सदस्यता पर पारिवारिक आधार से प्रतिबंध का कोई प्रावधान नहीं है। निर्धारित योग्यता, सदस्यता शुल्क एवं नियमों के पालन की शर्त के साथ कोई भी व्यक्ति संस्था का सदस्य बन सकता है।

उपरोक्त समस्त तथ्यों एवं नियमों के परीक्षण के आधार पर आवेदक पक्ष द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों को अस्वीकार करते हुए प्रकरण में दिनांक 11 फरवरी 2026 को जारी निर्वाचन प्रक्रिया स्थगित रखने का अस्थायी स्थगन आदेश समाप्त कर दिया गया है। इसके साथ ही आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा केन्द्र तेन्दूखेड़ा की निर्वाचन प्रक्रिया पुनः जारी रखने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

## भगवान श्री आदिनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक 12 मार्च को



कुण्डलपुर। सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र जैन तीर्थ कुण्डलपुर में जैनधर्म के प्रथम तीर्थंकर, आदिपुरुष , षट्कर्मों के प्रणेता भगवान श्री ऋषभदेव (आदिनाथ ) जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव 12 मार्च 2026 चैत कृष्ण नवमी गुरुवार को हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा । इस अवसर पर प्रातः प्रभात फेरी, भक्तामर महामंडल विधान, श्री बड़े बाबा महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा श्री आदिनाथ भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान होगा । श्री जी का पालना झुलाया जाएगा। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय भव्य महाआरती होगी। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने श्रद्धालु भक्तों से कुण्डलपुर पधारकर धर्मलाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

## आज जनसुनवाई में पूरी व्यवस्था संभालेंगी महिला अधिकारी-कर्मचारी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रशासन की ओर से एक अनोखी पहल की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को था, लेकिन उस दिन रविवार होने के कारण इस बार इसे विशेष तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि 10 मार्च को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में इस बार पूरी व्यवस्था महिला अधिकारी और कर्मचारी संभालेंगी। इस जनसुनवाई में भृत्य से लेकर सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी महिलाएं ही मौजूद रहेंगी और आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगी। उन्होंने बताया कि इस जनसुनवाई का नेतृत्व अपर कलेक्टर मीना मसराम करेंगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों की महिला अधिकारी, महिला कर्मचारी, महिला डेटा एंट्री ऑपरेटर और महिला भृत्य भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए लोगों की शिकायतों का निराकरण करेंगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि यह पहल महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान की दिशा में एक छोटा सा प्रयास है। साथ ही प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी यह एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि समाज और प्रशासन में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और यह पहल उसी योगदान को सम्मान देने की दिशा में उठाया गया कदम है।

# कार ने मारी बाईक को टक्कर, तीन घायल

**दमोह।** दमोह देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली जबलपुर नाका चौकी के हथिनी के पास सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल दमोह लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरज अहिरवार पिता नन्हे अहिरवार (19 वर्ष), अशोक अहिरवार पिता झुन्नू अहिरवार (25 वर्ष) और सुरेश अहिरवार पिता संतोष अहिरवार (30 वर्ष) निवासी घाना, सोमवार को दमोह में चुनाई का काम खत्म कर मोटरसाइकिल से अपने गांव वापस लौट रहे थे। इसी दौरान हथिनी के पास सामने से आ रहे एक फोर व्हीलर वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल दमोह पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ऐश्वर्या प्रताप सिंह राजपूत ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों ने बताया कि घायलों की हालत को देखते हुए सूरज अहिरवार और अशोक अहिरवार को बेहतर उपचार के लिए जबलपुर रेफर किया गया है, जबकि सुरेश अहिरवार को जिला अस्पताल में भर्ती कर इलाज जारी है। इस संबंध में घायल अशोक अहिरवार ने बताया कि वे लोग काम खत्म कर घर लौट रहे थे, तभी अचानक एक फोर व्हीलर वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वहीं ड्यूटी डॉक्टर ने भी घायलों की स्थिति और उपचार के संबंध में जानकारी दी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# बम्होरी पांजी में उप स्वास्थ्य केन्द्र का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा




नगर से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बम्होरी पांजी में लगभग 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण रिबन काटकर प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा किया गया। लोकार्पण के पूर्व सरस्वती जी का पूजन अर्चन किया गया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि ग्राम बम्हौरी सहित आसपास के अनेक गांवों के नागरिकों के लिए यह उप स्वास्थ्य केन्द्र स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार से ही इस स्वास्थ्य केन्द्र में सीएचओ और एएनएम 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे क्योंकि इस स्वास्थ्य केंद्र में दोनों के निवास भी बने हुए हैं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को सामान्य उपचार, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श अपने ही क्षेत्र में मिल सकेगा। इससे ग्रामीणों को छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए दूरस्थ अस्पतालों तक जाने की परेशानी से राहत मिलेगी। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

यह स्वास्थ्य केन्द्र क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और आने वाले समय में जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इस अवसर पर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी और बताया कि सरकार समाज के हर वर्ग के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के अठया ने स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करते हुए बताया कि इस उप स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से ग्रामीणों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण तथा महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने महिलाओं में होने वाले बच्चेदानी के मुंह के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) के प्रति जागरूकता पर भी जोर दिया और बताया कि इसे रोकने के लिए एचपीवी वैक्सीन अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों में यह वैक्सीन 10 हजार से 30 हजार रुपये तक में लगाई जाती है, जबकि अब केंद्र सरकार के प्रयासों से इसे पूरे देश में निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे महिलाओं को इस गंभीर बीमारी से बचाया जा सकेगा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड को लोगों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का "एटीएम कार्ड" बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से पात्र नागरिकों को बड़े अस्पतालों में भी निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है।
कार्यक्रम में जिला मंत्री भारत सिंह ने भी शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि 2018 के पहले एक समय ऐसा था जब लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तेंदूखेड़ा या दमोह जाना पड़ता था, लेकिन आज सरकार के प्रयासों से गांव-गांव तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही हैं।
इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ,सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, मंडल अध्यक्ष संत कुमार पाल, डॉक्टर परम सिंह, जिला मंत्री भारत सिंह, विनीता कुलस्ते, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्ना मोदी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, सरपंच राजेश यादव, गजराज सिंह, होरीलाल यादव, चेतन जैन, महेंद्र यादव, युवा मंडल अध्यक्ष शिवम जैन, संजय जैन, पारसमणि, नर्मदा दुबे, सोमनाथ सोनी, मंत्री निज सचिव मानवेंद्र सिंह सचान ,पूर्व सरपंच संतोष यादव, राजू रसिया, डीके सोनी, देवराज सींग, मनीष मोदी, विवेक जैन बेनी सिंह लोधी ,यशवंत सिंह सहित नगर निरीक्षक राघवेंद्र बागरी ,मनरेगा एई हरि कृष्ण राज, नाप तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कार से टक्कर मारने के वायरल वीडियो पर हुई कार्यवाही

**दमोह।** कार से टक्कर मारने के वायरल वीडियो पर हुई पुलिस ने संज्ञान लेते हुये कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर कार से टक्कर मारने का वीडियो वायरल हो रहा था जिस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संज्ञान लिया जाकर कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी कोतवाली दमोह को निर्देशित किया गया था जो दिनांक 07.03.2026 को थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा उक्त घटना के फरियादी अभिनव चौबे पिता प्रकाश चौबे उम्र 39 वर्ष निवासी सिविल वार्ड न. 02 दमोह को थाना कोतवाली दमोह में तलब कर फरियादी अभिवन चौबे की रिपोर्ट पर अपराध क्र 228/2026 धारा 110,296 (a), 351 (3), 324 (4) बीएनएस का स्वीफ्ट कार क्र MP 34 ZS 7476 के चालक आरोपी अमरदीप ठाकुर निवासी दमोह के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में आरोपी कार चालक की तलाश की जारी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के संबंध में थाना कोतवाली दमोह में सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। शीघ्र ही प्रकरण के आरोपी पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जावेगी ।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने न्याय रथ को हरी झंडी दिखाई



**दमोह।** आगामी 14 मार्च को आयोजित वर्ष 2026 की प्रथम लोक अदालत को सफल बनाने जिला न्यायालय परिसर से लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु न्याय रथ के नाम से वाहन रैली को प्रधान जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी ने हरी झंडी दिखाकर वाहन रैली को रवाना किया। दरसल लोक अदालत के माध्यम से प्रिलिटिगेशन मामले,विद्युत मामले,चेक सम्बन्धी प्रकरण एवं पारिवारिक विवादों के साथ अन्य राजीनामा योग्य आपराधिक मामलों का त्वरित निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किया जा सकता है इसी क्रम में 14 मार्च की लोक अदालत को सफल बनाने एवं लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार के मद्देनजर जिला न्यायालय से न्याय रथ के साथ वाहन रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम के दौरान विशेष न्यायाधीश श्री मरावी,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्नेहा सिंह के साथ सम्पूर्ण न्यायिक कर्मचारी न्यायालय परिवार एवम अधिवक्ताओं व चीफ लीगल डिफेंस कॉउंसिल मनीष नगाइच की उपस्थिति रही।